# **प्रेस-नोट**

## **थाना मोठ, झाँसी**

**दिनाँक- 12.07.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना मोठ पुलिस द्वारा चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ व पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11.07.2026 को थाना मोठ पुलिस द्वारा परचून की दुकान में चोरी से संबंधित अभियोग मु0अ0सं0 118/2026 धारा 331(1),305(ए),317(2) बीएनएस में अभियुक्त राजू पुत्र छिद्दू नि0 मु0 मातनपुरा कस्बा व थाना मोंठ जिला झांसी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी दुकान से चोरी किया गया माल एक सफेद बोरी में चोरी किया गया बीडी , सिगरेट , गुटखा , नमकीन , कोल्ड्रिंक आदि सामान ( कीमत लगभग 5000-6000 रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक **10/11.07.2026** की रात्रि में थाना मोंठ क्षेत्रान्तर्गत हाईवे स्थित परचून की दुकान की छत काटकर अज्ञात चोर द्वारा बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, कोल्ड ड्रिंक, नमकीन आदि सामान (कीमत लगभग ₹5,000-6,000) चोरी कर लिया गया। इस संबंध में दिनांक **11.07.2026** को प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मोंठ पर **मु0अ0सं0 118/2026** धारा **331(1), 305(ए), 317(2) बीएनएस** के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मोठ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **राजू पुत्र छिद्दू**, निवासी मातनपुरा, थाना मोंठ को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। बरामद माल को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पता-** राजू पुत्र छिद्दू नि0 मु0 मातनपुरा कस्बा व थाना मोंठ जिला झांसी उम्र करीब 22 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-** एक सफेद बोरी में चोरी किया गया बीडी , सिगरेट , गुटखा , नमकीन , कोल्ड्रिंक आदि सामान ( कीमत लगभग 5000-6000 रुपये )

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 रजनीकान्त सिंह थाना मोठ जिला झांसी
2. हे0का0 419 दीप तिवारी थाना मोंठ जिला झांसी